शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय,रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल– registrarsnpv@gmail.com , वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमाँक. 2718 / परीक्षा–गोपनीय / 2022 रायगढ़, दिनाँक 02.04.2022

–:: अधिसूचना ::–

विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमाँक 2437 / परीक्षा–गोपनीय / 2022, दिनाँक 27.03.2022 के द्वारा वार्षिक परीक्षा सत्र 2021–22 के अंतर्गत आयोजित होने वाली स्नातक प्रथम एवं स्नातक द्वितीय वर्ष (नियमित / स्वाध्यायी / भूतपूर्व / पूरक) / स्नातकोत्तर पूर्व एवं अंतिम (स्वाध्यायी) तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की परीक्षाएँ ऑफलाईन मोड में आयोजित किये जाने के संबंध में समय–सारणी जारी की गयी थी।

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर, अटल नगर के आदेश क्रमाँक एफ 3–33 / 2020 / 38–1, दिनाँक 28.03.2022 के द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में इस विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमाँक 2437 / परीक्षा–गोपनीय / 2022 दिनाँक 27.03.2022 के द्वारा वार्षिक परीक्षा सत्र 2021–22 के अंतर्गत आयोजित होने वाली स्नातक प्रथम एवं स्नातक द्वितीय वर्ष (नियमित / स्वाध्यायी / भूतपूर्व / पूरक) / स्नातकोत्तर पूर्व एवं अंतिम (स्वाध्यायी) तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के परीक्षा के लिए जारी समय–सारणी को निरस्त किया जाता है।

अब संबंधित परीक्षाएँ दिनाँक 19.04.2022 से ऑनलाईन / ब्लैंडेड मोड में आयोजित की जायेगी। सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार सत्र 2021–22 की परीक्षाएँ ऑनलाईन / ब्लैडेड मोड में आयोजित किये जाने के संबंध में समय–सारणी एवं विस्तृत दिशा निर्देश शीघ्र जारी किये जायेंगे।

आदेशानुसार

प्रभारी कुलसचिव

पृ.क्रं. 2719 / परीक्षा–गोपनीय / 2022 रायगढ़, दिनाँक 02.04.2022

प्रतिलिपिः–

01. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के सचिव, राजभवन रायपुर छ.ग. को माननीय राज्यपाल महोदया के सादर सूचनार्थ।
02. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, महानदी भवन मंत्रालय, अटल नगर रायपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
03. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, मंत्रालय, अटल नगर रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
04. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
05. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय जिला–रायगढ़ एवं जाँजगीर – चाँपा को सूचनार्थ।
06. कक्ष प्रभारी, परीक्षा / गोपनीय को सूचनार्थ।
07. संपादक / संवाददाता , दैनिक .... समाचार पत्र को इस आशय के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
08. विश्वविद्यालय सूचना पटल / वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
09. कार्यालय प्रति।

प्रभारी परीक्षा

Scanned by CamScanner